


मूल्य ₹ 3/-

सांध्य दैनिक

# 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 9 ● अंकः 209 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, मंगलवार, 5 सितम्बर, 2023




अगर हम अगली सदी की तरफ देखें तो लीडर वो होंगे जो दूसरों को शशक्त बना सकें।

– बिल गेट्स


पंजाब में कांग्रेस-आप ... 2 | 24 में धर्म ही बनेगी सियासत... 3 | ईसाई मिशनरियों से उधार लिए... 7


# जी-20 निमंत्रण पत्र को लेकर मचा सियासी बवाल


## कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा, भाजपा बोली-देश का नाम भारत था और हमेशा भारत ही रहेगा

### » पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर घमासान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। 9-10 सितंबर 2023 को राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट का आयोजन भारत की मेजबानी में होने वाला है। इस शिखर सम्मेलन से पहले निमंत्रण पत्र को लेकर बवाल मच गया है। विपक्षी दलों ने इस मामले में मोदी सरकार व भाजपा को घेरा है। कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार धीरे-धीरे संविधान को ही बदल देगी। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपति भवन में 9 सितंबर को होने वाले जी-20 के डिनर के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा है, जबकि इसपर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया लिखा होना चाहिए।

दरअसल, मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर एक गठबंधन बनाया है जिसका नाम इंडिया है, विपक्षी गठबंधन के नाम के ऐलान के बाद से ही इंडिया शब्द चर्चा में है, बीजेपी नेता लगातार गठबंधन के नाम को लेकर विपक्ष पर हमलवार हैं। वहीं बीजेपी सांसद हरनाथ सिंह यादव ने मंगलवार (5 सितंबर) को कहा, पूरा देश मांग कर रहा है कि हमें इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करना चाहिए, अंग्रेजों ने इंडिया शब्द को एक गाली के तौर पर हमारे लिए इस्तेमाल किया, जबकि भारत शब्द हमारी संस्कृति का प्रतीक है, मैं चाहता हूं कि संविधान में बदलाव होना चाहिए और भारत शब्द को इसमें जोड़ना चाहिए। उधर हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने लोगों से इंडिया की जगह भारत नाम इस्तेमाल करने की अपील करते हुए यह कहा था कि इस देश का नाम सदियों से भारत है, इंडिया नहीं और इसलिए हमें इसका पुराना नाम ही इस्तेमाल करना चाहिए।



On the occasion of G20 Summit

सत्यमेव जयते


The President of Bharat
requests the pleasure of the company of

at Dinner
on Saturday, September 09, 2023 at 2000 hrs

| RSVP | Venue |
|---|---|
| Protocol Section<br>Ministry of External Affairs<br>cntn.protocol1@mea.gov.in<br>Tel.: 011-23088142/43 | Multifunction Hall,Level-3,<br>Bharat Mandapam,<br>New Delhi. |

Dress: Formal/National Dress

Along with confirming your presence by replying to this mail, it is requested to please provide the following information:-
a) Dietary restrictions or allergies, if any.
b) Vehicle details for access.
c) Contact No. (preferably mobile) for coordination, in case required.
d) Preference (Tea/ Coffee/Kahwa)



### राज्यों के संघ पर भी हमला होगा : जयराम रमेश

जयराम रमेश ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक लिखा, तो ये खबर वाकई सच है, राष्ट्रपति भवन ने 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए सामान्य प्रेसिडेंट आफ इंडिया की बजाय प्रेसिडेंट आफ भारत के नाम पर निमंत्रण भेजा है, अब, संविधान में अनुच्छेद 1 हो सकता है, भारत, जो इंडिया था, राज्यों का एक संघ होगा। लेकिन अब इस राज्यों के संघ पर भी हमला हो रहा है। राजद नेता मनोज झा ने इसको लेकर सरकार पर निशाना साधा है। मनोज झा ने कहा कि अभी कुछ ही हफ्ते पहले हमने अपने गठबंधन का नाम रखा था। इंडिया और बीजेपी ने रिपब्लिक ऑफ इंडिया की जगह रिपब्लिक ऑफ भारत लिखकर निमंत्रण भेजना शुरू कर दिया है। संविधान के अनुच्छेद 1 में लिखा है इंडिया, भारत है। मनोज झा ने कहा कि ना आप हमसे इंडिया छीन पाए है और ना ही भारत।

### 9 और 10 सितंबर को होगा दिल्ली में जी-20 सम्मेलन

शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में 9 व 10 सितंबर को होगी। इसमे अमेरिकी राष्ट्रपति समेत कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष कुछ ही दिनों में हमारे देश के मेहमान होंगे। पूरी दिल्ली में इसकी तैयारी हो रही है। जी-20 संगठन में 19 देश (अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडिया, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सउदी अरब, दक्षिणी अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन और अमेरिका) और यूरोपीय संघ हैं। इन देशों में विश्व की दो तिहाई आबादी रहती है जबकि इनके पास दुनिया की कुल जीडीपी का 85 फीसद है और कुल वैश्विक कारोबार का भी 75 फीसद इनके पास है। हालांकि इसमें चीन व रुस के राष्ट्रपति नहीं आ रहे हैं।

### रिपब्लिक ऑफ भारत : हिमंत



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा,रिपब्लिक ऑफ भारत खुश और गौरवान्वित है कि हमारी सभ्यता साहसपूर्वक अमृत काल की ओर आगे बढ़ रही है।


### अगर कांग्रेस को इससे दिक्कत है तो इलाज खुद ढूंढे : राजीव चंद्रशेखर



उधर, इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर की प्रतिक्रि या सामने आई है। जयराम रमेश के दावे पर राजीव ने कहा कि उन्हें हर चीज से समस्या है और मुझे कुछ नहीं कहना है। मैं भारतवासी हूं, मेरे देश का नाम भारत था और हमेशा भारत ही रहेगा। अगर कांग्रेस को इससे दिक्त है तो उन्हें इसका इलाज खुद ढूंढना चाहिए।

# विश्वकप के लिए टीम इंडिया के योद्धाओं का हुआ ऐलान

### » अक्षर व ईशान टीम में, चहल बाहर



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। चीफ सेलेक्टर अजीत आगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन टीम ने उन 15 खिलाड़ियों के नाम का खुलासा कर दिया है, जो इस मेंगा इवेंट में टीम इंडिया को खिताब दिलाने के लिए जोर लगाएंगे। युजवेंद्र चहल को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

वहीं, अक्षर पटेल और ईशान किशन टीम में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। भारत की वनडे वर्ल्ड कप टीम में 3 तेज गेंदबाज, 5 स्पेशलिस्ट बैटर, 4 ऑलराउंडर, 1 स्पेशलिस्ट स्पिनर और 2 विकेटकीपर बल्लेबाज हो सकते हैं। टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज शामिल होंगे। रिजर्व प्लेयर के रुप में प्रसिद्ध कृष्णा और तिलक वर्मा को मौका मिलेगा।

# यूपी-केरल समेत छह राज्यों में जमकर हुआ मतदान

## 07 विधानसभा सीटों पर हो रहा उपचुनाव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। 6 राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश के घोसी और पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट भी शामिल है। उत्तर प्रदेश के घोसी में दोपहर 1 बजे तक उपचुनाव के लिए 33.52 फीसदी वोटिंग हो चुकी है।

झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट के सभी बूथों पर उपचुनाव के लिए शांतिपूर्वक वोटिंग हो रही है। दोपहर 1 बजे तक यहां 43.55 फीसदी मतदान हो चुका है। वहीं उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर सुबह 11 बजे तक 22.94 फीसदी मतदान हुआ। केरल में यूडीएफ के कांग्रेस उम्मीदवार चांडी ओमन ने पुथुपल्ली उपचुनाव के लिए अपना वोट डाला। केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट पर कांग्रेस और लेफ्ट दोनों आमने सामने है।

**33.52** प्रतिशत वोटिंग हुई घोसी में दोपहर तक



### सपा प्रत्याशी ने गड़बड़ी करने का लगाया आरोप

यूपी के घोसी विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने उपचुनाव की वोटिंग दौरान बीजेपी पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। सुधाकर सिंह ने कहा, चुनाव में जो भी होगा, उसमें से 70 फीसदी हमारा होगा। लेकिन बूथ पर रोका जा रहा है, वहां पर इंसपेक्टर की क्या पावर है कि वो आधार कार्ड चेक कर रहे हैं, निर्वाचन कार्ड चेक कर रहे हैं, नाम की पूरी स्पेलिंग पढ़ रहे हैं, बीजेपी और हमारे बीच कोई मुकाबला नहीं है, ये पोलिंग बूथ रुकवा दें बस यही मुकाबला है. पुलिस किस अधिकार से आधार कार्ड चेक कर रही है ये पता किया जाए,हमने तहसीलदार मऊ को इस बारे में बताया है, सब लोग वोट करना चाहते हैं, उन्हें रोका जा रहा है। घोसी सीट पर बीजेपी उम्मीदवार दारा संह चौहान ने कहा, भाजपा भारी बहुमत से जीत रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में हम लोग यूपी में 80 सीट जीतेंगे।

# पंजाब में कांग्रेस-आप साथ : चीमा

## » बड़े उद्देश्य के लिए हुआ है 'इंडिया' गठबंधन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। 'इंडिया' को रूप में राष्ट्रीय स्तर पर 26 राजनीतिक दलों के गठबंधन में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के साथ आने से, पंजाब की सियासत में मची हलचल पर पंजाब आप ने विराम लगा दिया है। हालांकि आप के सीनियर नेता और पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सांकेतिक शब्दों में साफ कर दिया कि कांग्रेस को लेकर आप में मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि परस्पर मनमुटाव दूर करके ही 'इंडिया' गठबंधन हुआ है।

छोटे-मोटे मनमुटाव और मतभेद दूर करके बने इस गठबंधन का उद्देश्य भी बहुत बड़ा है। पंजाब में आगामी लोकसभा चुनाव कांग्रेस और आप के मिलकर लड़ने के बारे में पूछे गए सवाल पर वित्त मंत्री चीमा ने सोमवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन हो चुका है और लोकसभा चुनाव में सभी दल एक-साथ मिलकर और पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेंगे। दोनों दलों के बीच पंजाब में चुनावी गठजोड़ की चर्चा अभी से शुरू हो चुकी है। पंजाब में कांग्रेस के आप को लेकर तल्ख तेवरों और अपने हाईकमान से बार-बार गठजोड़ न करने की मांग का जिक्र करने पर चीमा ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े मकसद से किया गया है और इसके लिए परस्पर छोटे-मोटे मनमुटाव दूर कर लिए गए हैं।

### पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर ने साधी चुप्पी

दूसरी ओर, पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग अब तक इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि कांग्रेस हाईकमान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए फैसले के बाद पंजाब के कांग्रेस नेताओं में आप के प्रति नरमी आई है और राज्य सरकार के खिलाफ अब तल्ख टिप्पणियां और बयान सामने नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस के सीनियर नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा जोकि आप नेताओं का मुंह देखने को भी तैयार नहीं थे और दिल्ली जाकर हाईकमान से मांग कर आए थे कि आप के साथ पार्टी कोई सरोकार न रखे, आजकल खामोशी साधे हुए हैं।



### जी-20 की तैयारियों में श्रेय लेना चाहती है आप सरकार : मीनाक्षी लेखी

**बोलीं- पत्थर को सिर्फ कोई आकार दे देने से ही वह शिवलिंग नहीं हो जाता**

नई दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में अब केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा है कि तैयारियों के क्रम में दिल्ली की सूरत बदलने को लेकर आप सरकार किस बात के लिए श्रेय लेना चाहती है। शिवलिंग के आकार वाले फव्वारों को लेकर विवाद पर भी उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता सनातन को नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि किसी पत्थर को सिर्फ कोई आकार दे देने से ही वह शिवलिंग नहीं हो जाता है। मीनाक्षी लेखी ने एक इंटरव्यू में कहा कि आप नेता दिल्ली को सुंदर बनाने का दावा करते हैं। लेकिन असलियत यही है कि एलजी ने केवल दो माह की अवधि में जी-20 के लिहाज से सभी व्यवस्थाएं कराईं। लेखी ने बातचीत के दौरान भारत के ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर उभरने को रेखांकित करते हुए कहा कि जी-20 बहुत महत्वपूर्ण समूह है, जहां विश्व की दो-तिहाई आबादी बसती है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद इसकी करीब 85 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में 75 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है।

# जिनके इरादे साफ नहीं वो ही डरते हैं : लोकेश

## » अमित शाह के बयान पर लोकेश शर्मा का पलटवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



जयपुर। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के बेणेश्वर धाम में दिए बयान पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आए दिन सार्वजनिक प्रेस वार्ता करके राजस्थान की जनता को सरकार का रिपोर्ट कार्ड देते रहते हैं। जनता को गुड गवर्नेंस देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और अपने काम-काज को उनके सामने पारदर्शिता से रखने की गजब की हिम्मत भी है और मंशा भी रहती है। लोकेश शर्मा ने अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि सार्वजनिक रूप से प्रेस वार्ता करने से वो डरते हैं जिनके इरादे स्पष्ट नहीं होते।

लेकिन, राजस्थान के मुख्यमंत्री के वादे और इरादे दोनों स्पष्ट हैं। लोकेश शर्मा ने केंद्रीय मंत्री शाह के प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के आह्वान पर कहा कि राजस्थान की जनता बखूबी जानती है कि अशोक गहलोत ने देश में रिकॉर्ड तोड़ महंगाई से त्रस्त आमजन के लिए प्रदेश में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने शुरू किए हैं।

# प्रदेश में बसाए जाएंगे स्मार्ट गांव

## » केशव प्रसाद बोले- भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट गांव बसाए जाएंगे। प्रत्येक विकास खंड में विकास की दृष्टि से पिछड़ी दस ग्राम पंचायतों को चिह्नित कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राम्य विकास विभाग के खंड विकास अधिकारियों के पहले सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने हर साल 4 सितंबर को खंड विकास अधिकारी सम्मेलन का आयोजन करने की घोषणा करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस बीडीओ को सम्मानित भी किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ब्लॉक से एक -दो खंड विकास अधिकारियों उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

कहा कि ग्राम उत्थान से ही देश का उत्थान संभव है। देश की खुशहाली का रास्ता गांवों से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि बीडीओ ग्राम प्रधानों के साथ बैठकर गांवों के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाएं। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अपेक्षाकृत विकास कम हुआ है। वहां विभिन्न पैरामीटर्स पर अध्ययन कर ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर विकास कार्य कराएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की किसी भी योजना में भ्रष्टाचार या लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी। ग्राम्य विकास विभाग की राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि बीडीओ जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाएं।



# शिवराज राजनीति के धोनी हैं : राजनाथ

## » शुरुआत कैसी भी हो, लेकिन जीत से करते हैं फिनिश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नीमच। मैं अभी बैठे-बैठे आपके मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भाषण को सुन रहा था और इसके पहले भी राजनीतिक क्षेत्र में काम करते हुए इन्हें मैंने बहुत गौर से देखा है। मैं उन्हें 30 वर्षों से जानता हूं आपके मामा शिवराज सिंह चौहान राजनीति के धोनी हैं, शुरुआत चाहे कैसी भी हो, लेकिन अच्छी फिनिश देकर वह क्रिकेट का मैदान जीतना जानते हैं, यह शिवराज सिंह जी चौहान की एक अद्भुत कला है।

यह बात केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उज्जैन संभाग के लिए नीमच से निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाने नीमच आये थे। इसी दौरान रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री के विकास कार्यों की तारीफ की। राजनाथ सिंह ने कहा कि शिवराज सिंह केवल कला के माध्यम से ही चुनावी कामयाबी हासिल नहीं करते। एक सेवक के रूप में उन्होंने जनता की सेवा की है इस कारण लोगों का विश्वास उन्हें हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं दावे के साथ कहता हूं कि सीएम शिवराज सिंह के अंदर गरीबों के प्रति जो संवेदनशीलता मैंने देखी है, राजनीति में बिरले लोगों में इस प्रकार की संवेदनशीलता देखने को मिलती है। राजनाथ ने कहा कि शिवराज के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। भारत आगे बढ़ रहा है, तो उसमें मध्य प्रदेश की भूमिका अहम है। यह रुकना नहीं चाहिए, इसके लिए आपका आशीर्वाद भाजपा को प्राप्त होना चाहिये।

### भाजपा बनाएगी प्रचंड बहुमत से सरकार



### कमलनाथ की सरकार थी असंवेदनशील

राजनाथ सिंह ने कहा कि बीच में डेढ़ साल के लिए कमल नाथ मुख्यमंत्री बन गए थे। आपने देखा उन्होंने क्या किया। उन्होंने गरीबों के 2 लाख आवास बनाने से मना कर दिया। पुरानी योजनाओं को बंद कर दिया गया और केंद्र की योजनाओं में बाधा डाली गई। शायद ही कोई सरकार इतनी असंवेदनशील हो सकती है, कमल नाथ ने गरीबों को आवास से वंचित कर दिया।

# लोकतंत्र की हत्या करने को उतारू भाजपा : अखिलेश

## » घोसी में खुलेआम आचार संहिता का खुला उल्लंघन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। घोसी उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा कार्यकर्ता आचार संहिता का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। सपा कार्यकर्ता पूर्व प्रधान आशीष यादव, शंकर यादव, कन्हैया यादव और राजीव यादव को स्थानीय पुलिस द्वारा उठा ले जाने का आरोप लगाया है। फतेहपुर के शनोज को लाल पर्ची दिखाकर पुलिस द्वारा उठाने के आरोप लगाए। ये भी आरोप लगाए कि दलित बस्ती में भाजपाई शराब एवं पैसा बांट रहे है। उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेकर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। भाजपा का आचरण संविधान विरोधी है और सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। घोसी में वह चुनाव हार रही है। इसलिए समाजवादी पार्टी पर झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग देखे कि घोसी में सपा के विरुद्ध भाजपा प्रत्याशी ही नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र भी मैदान में है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा वोट का अधिकार छीनकर तानाशाही स्थापित करना चाहती है। इस बार घोसी की जनता एकजुट होकर अपने वोट के अधिकार से लोकतंत्र विरोधी भाजपा को हराकर जवाब देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा घोसी विधानसभा उपचुनाव में तांडव कर रही है। पुलिस-प्रशासन को भाजपा कार्यकर्ता की तरह प्रयोग कर रही है। पुलिस-प्रशासन समाजवादी पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं को फर्जी तरीके से गिरफ्तार कर रही है।



### सपा की जीत पक्की : स्वामी प्रसाद

भाजपा सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है। अपने चहेते उद्योगपतियों को विभागों को औने पोने दामों पर बेचा जा रहा है। देश की आजादी से लेकर अभी तक भाजपा पहली ऐसी सरकार है। इसने सभी विभाग बेच दिए। घोसी उपचुनाव को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले भी समाजवादी पार्टी वहां चुनाव जीत चुकी है। उपचुनाव में भी समाजवादी पार्टी जीतने जा रही है। आगे अमित शाह के बयान जिसमें उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सनातन धर्म के खिलाफ में हैं। उस पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा जब से इंडिया गठबंधन बना है तब से भाजपा की हवा खराब है। भाजपा हताशा की शिकार है। भाजपा संविधान के खिलाफ चल रही है और संविधान को बदलने की फिराक में है। यह पहली सरकार है जो लोकतंत्र को भी खत्म करने का काम कर रही है। इस कारण से विपक्षी दलों पर केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापा डलवाकर ओछी मानसिकता दिखा रही है। वैज्ञानिकों की चंद्रयान की कामयाबी लाभ प्रधानमंत्री लेना चाहते हैं। इसके लिए यह सत्र बुलाया जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने शिवपाल सिंह यादव के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में ज्वाइन करने की चर्चा पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा शिवपाल यादव राजनीति के बहुत माहिर और अच्छे नेता हैं। इस तरह के बयानों से न तो शिवपाल यादव की सेहत पर कोई फर्क पड़ेगा और न ही समाजवादी पार्टी पर कोई असर पड़ेगा। शिवपाल से सभी को लगाव है। इस तरह के कद्दावर नेता को लेकर लोगों का बयान उनकी घटिया मानसिकता को दर्शाता है।

R3M EVENTS
ACTIVATION • EVENTS • EXHIBITION

R3M EVENTS
4/725 Vaibhav Khand, Gomti Nagar, Lucknow
E-mail: rajendra@r3mevents.com, Mob : 095406 11100

# 24 में धर्म ही बनेगी सियासत की धुरी!

## उदयनिधि के सनातन पर दिये बयान पर घमासान, भाजपा ने विपक्षी गठबंधन पर साधा निशाना, कांग्रेस ने कहा सभी धर्मों का सम्मान जरूरी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। तमिलनाडु के सीएम एम. के स्टालीन के बेटे उदयनिधि के सनातन धर्म पर दिए आए बायन पर पूरे देश में बवाल मच गया। सबसे बड़ी व सत्ता पर आरूढ़ पार्टी भाजपा हो या सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ही क्यो न हो सबने इस बयान की तीखी आलोचना की है। इस तरह के बयान हंगामा स्वावभाविक था। पर इसमें कोई शक नहीं कि बयान बहुत सोच समझ कर दिए जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है 2024 चुनाव के चक्कर में ये बयान समय-समय पर आते रहते है शायद नेता चाहते हैं कि इस तरह के बयान से वह कुछ मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर कुछ सीटें हासिल कर लेंगे और सत्ता पर कब्जा कर लेंगे। इस तरह के बयानों का लाभ होता है हानि ये तो आने वाला समय बताएगा। पर इतना जरूर है उदय ने बैठे-बिठाए भाजपा को लोक सभा चुनाव में फायदा उठाने का हथियार दे दिया है।



उदय ने खुलेआम सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही है तब से वह काफी निशाने पर हैं, कई बीजेपी नेताओं ने उनकी टिप्पणी की आलोचना की है. इस बीच, सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने रविवार (3 सितंबर) को उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, शिकायतकर्ता विनीत जिंदल ने दावा किया कि स्टालिन के बेटे ने सनातम धर्म के खिलाफ भड़काऊ, अपमानजनक बयान । शिकायतकर्ता ने आगे कहा कि उदयनिधि की सनातन धर्म की तुलना मच्छरों, डेंगू और कोरोना से करना और उन्हें खत्म करने की उनकी टिप्पणी हिंदू धर्म अनुयायियों के नरसंहार का आह्वान करने और उसे बढ़ावा देने की उनकी मंशा को दर्शाती है। उदयनिधि ने भी शनिवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मैंने कभी भी सनातन धर्म का पालन करने वाले लोगों के नरसंहार का आह्वान नहीं किया, सनातन धर्म एक ऐसा सिद्धांत है जो लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटता है. सनातन धर्म को उखाड़ फेंकना मानवता और मानव समानता को कायम रखना है.।



### नफरत फैलाने वाले राजनेताओं पर लगाम लगे : इंद्रेश कुमार

तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वाले राजनेताओं पर लगाम लगनी चाहिए, आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने कहा, यह मानवता, वैश्विकता और लोकतंत्र का सूत्र है कि हम एक बहु-धार्मिक देश हैं, अपने धर्म का पालन करें, दूसरे के धर्म का अपमान न करें और उसका सम्मान करें, यह लोकतंत्र विरोधी है, मानवता विरोधी, ईश्वर विरोधी, शांति और विकास विरोधी और ये राष्ट्रों की समृद्धि विरोधी हैं... पार्टियों और लोगों को ऐसे राजनेताओं को रोकना चाहिए ताकि देश में नफरत न फैले।



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि सनातन धर्म जीवन का एक स्थापित तरीका है और इसका पूरी तरह से सम्मान किया जाना चाहिए और उदयनिधि स्टालिन द्वारा इस पर की गई टिप्पणी द्रमुक की निजी राय है. यह उनकी निजी राय हो सकती है, दुनिया में बहुत सारे धर्म हैं और किसी भी धर्म पर इस तरह की टिप्पणी व्यक्तिगत है, हर किसी को स्वतंत्रता है. सनातन धर्म एक स्थापित जीवन पद्धति और धार्मिक अभिव्यक्ति है, इसका पूरी तरीके से सम्मान किया जाना चाहिए।

### विश्व में बढ़ती हिंदुत्व की स्वीकार्यता

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल व्यक्ति और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि वे अपने देश की समस्याओं का समाधान हिंदू धर्म में देखते हैं। ये असाधारण घटनाएं हैं। निसंदेह इससे हिंदुत्व विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा होगा। ऐसा नहीं है कि स्वयं को लिबरल-सेक्युलर कहने वालों की जमात ब्रिटेन अमेरिका या सिंगापुर में नहीं है। आज अगर विश्व परिदृश्य पर दृष्टि दौड़ाएं तो यह स्वीकार करने में समस्या नहीं कि यह हिंदुओं के वैश्विक अभ्युदय, स्वीकृति और विस्तार का समय है। ऐसी घटनाएं घट रही हैं, जिनकी हिंदू समाज कल्पना नहीं करता था। सिंगापुर में हिंदू थरमन षणमुगरत्नम की राष्ट्रपति चुनाव में विजय इस कड़ी की अभी अंतिम घटना नहीं है। भविष्य में ऐसी अनेक घटनाएं घटेंगी। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दावेदारी में लगे विवेक रामास्वामी भी हिंदू हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह कहने में संकोच नहीं किया कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। इस समय करीब 10 देशों में सत्ता के शीर्ष पर भारतीय मूल के नेता बैठे हैं, जिनमें पांच स्वयं को हिंदू कहते हैं। ये सब हिंदू धर्म को शासन और राजनीति से लेकर व्यक्तिगत-सार्वजनिक व्यवहार का मापदंड बताने में संकोच नहीं करते। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का हिंदू होने वाला वक्तव्य हाल में चर्चा का विषय बना। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में आयोजित मोरारी बापू की राम कथा में ऋषि सुनक ने कहा कि 'बापू, मैं यहां एक प्रधानमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक हिंदू के रूप में उपस्थित हूं।' उनकी तरह अमेरिका में विवेक रामास्वामी ने कहा, 'मैं हिंदू धर्म को मानता हूं। यह मुझे परिवार से विरासत में मिला है। हिंदू होने के नाते मैं अन्य नेताओं के मुकाबले दूसरों की धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों की बेहतर ढंग से रक्षा कर सकता हूं। मेरा उद्देश्य अमेरिकी समाज में परिवार, आस्था और देशभक्ति के मूल्यों को सहज करना है। अमेरिकी समाज इन मूल्यों को खोता जा रहा है।'ब्रिटेन के साथ अमेरिका और सिंगापुर की घटनाएं बता रही हैं कि हिंदुओं और हिंदुत्व को लेकर विश्व बदल रहा है। हिंदुओं की स्वीकृति बढ़ रही है। इस बदलाव को समझने की आवश्यकता है। वस्तुतः विदेश में हिंदुओं ने निजी व्यवसाय और करियर तक सीमित न रहकर वहां के सार्वजनिक जीवन में भी भूमिकाएं निभाई हैं। कुछ समय से पश्चिमी देशों में हिंदुओं के विरुद्ध घृणा अभियान और हिंसा के समाचारों ने सबको विचलित किया था, लेकिन ब्रिटेन, अमेरिका एवं अन्य देशों में हिंदुओं ने स्थिति को साहसपूर्वक संभाला। आज कई देशों में हिंदू बड़ी संख्या में हैं, जो राजनीति एवं प्रशासन से लेकर शिक्षा और विज्ञान में शीर्ष पर हैं। उनका आत्मविश्वास सही रूप में प्रकट होकर आगे बढ़ता रहा तो एक दिन विश्व के मार्गदर्शक हिंदू ही होंगे। यह संपूर्ण विश्व के हित में होगा। इसमें हर भारतीय हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन का दायित्व है कि छोटे-बड़े असंतोष, व्यक्तिगत मतभेद आदि को परे रखकर ऐसी भूमिका निभाएं, जिससे बदलाव की गति बाधित नहीं हो।

### सनातन धर्म को गाली देना क्या कांग्रेस की नीति : भाजपा

भाजपा ने कहा कि घमण्डिया गठबंधन के नेताओं में भारत की सभ्यता, मूल आस्था और सनातन धर्म को गाली देने, कोसने और अपमानित करने की एक प्रतियोगिता सी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि तीन दिन पहले यह घटना हुई। यह अनायास या अचानक नहीं हुई है। एक सेमिनार में उदयनिधि ने ऐसा बोला है। उससे पहले घमण्डिया गठबंधन की बैठक हुई, जिसमें वो संयोजक और नेता तय नहीं कर पाए, लेकिन सनातन धर्म को नीचा दिखाने की नीति तय कर ली।धर्मेंद्र प्रधान ने भारत में जन्म लेने वाले सभी पंथ-सम्प्रदाय, सभी उपासना पद्धति और सभी मत सनातन के अंश हैं। उन्होंने कहा,कभी उदयनिधि, कभी कार्ति चिदंबरम, कभी प्रियंका खड़गे, कभी बिहार के शिक्षा मंत्री, कभी अखिलेश यादव के प्रमुख नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और कभी केजरीवाल के नेता गौतम, ये सब एक योजना के तहत अलग-अलग समय पर इस काम में लग गए हैं। अभी-अभी कांग्रेस के प्रमुख नेता वेणुगोपाल ने तो सारी हदों को पार कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सर्व धर्म सम भाव में विश्वास करती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी सम्मान करती है। हम पूछना चाहते हैं कि क्या सनातन धर्म को गाली देना, हिंदू धर्म को गाली देना कांग्रेस और घमण्डिया गठबंधन की नीति है? धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी स्पष्टता के साथ कहा है कि कोई भी नेता समाज में तनाव पैदा करने वाला कोई भी काम न करे। 2014 से पहले भगवा आतंकवाद का शब्द लाया गया। इन्होंने भगवा आतंकवाद इसलिए कहा था, क्योंकि इनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक चुकी थी। इसलिए समाज में तनाव और विद्वेष फैलाने के लिए इन्होंने एक नैरेटिव सेट किया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब काशी तमिल संगमम आयोजित किया गया, तब अनुभव हुआ कि तमिलनाडु के सर्व-समाज की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी से जुड़ी हुई है। जिनको तमिलनाडु के बारे में कुछ अता-पता नहीं है, वो राजनीतिक उद्देश्य से ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं, जिस पर उनके नेता राहुल गांधी चुप हैं। केजरीवाल, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार क्यों चुप हैं? धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हमारी नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। हमारा एजेंडा सुख-समृद्धि है, जबकि घमण्डिया गठबंधन की नीति नफरत, शंका, घृणा और विद्वेष फैलाना है।

### कांग्रेस क्यों चुप है : नड्डा



नाराज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि मोहब्बत की दुकान नफरत फैला रही है और पूछा कि क्या इंडिया ब्लॉक के नेता आगामी चुनावों में हिंदू विरोधी रणनीति का इस्तेमाल करने जा रहे हैं क्या उदयनिधि का बयान भारत गठबंधन की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है? क्या आप आगामी चुनावों में इस हिंदू विरोधी रणनीति का उपयोग करने जा रहे हैं? आपने कई बार साबित किया है कि आप हमारे देश से जुड़ी हर चीज से नफरत करते हैं और आपकी मोहब्बत की दुकान नफरत फैला रही है। बीजेपी नेता सुशील मोदी ने कहा कि डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए का सुझाव देकर राष्ट्रविरोधी काम किया है और इस मुद्दे पर भारतीय गठबंधन के प्रमुख नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाया. उदयनिधि स्टालिन को हिरासत में लिया जाना चाहिए और जेल में डाल दिया जाना चाहिए. वह समुदाय में नफरत फैला रहे हैं, एक तरफ राहुल गांधी कहते हैं नफ़रत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान और दूसरी तरफ, तमिलनाडु में उनके सहयोगी दल के एक प्रमुख नेता कह रहे हैं सनातन धर्म को पूरी तरह से खत्म कर दें, यह एक राष्ट्र-विरोधी कृत्य है।

### जिस धर्म में समानता नहीं, वो बीमारी जैसा : प्रियांक

कर्नाटक सरकार के मंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे ने उदयनिधि स्टालिन का समर्थन किया है। प्रियांक खरगे ने कहा कि कोई भी धर्म, जो असमानता को बढ़ावा देता है और इंसान होने की गरिमा का हनन करता है तो वह धर्म नहीं है। खरगे ने कहा कि मेरे अनुसार कोई भी धर्म जो समान अधिकार नहीं देता या इंसानों से इंसानों की तरह व्यवहार नहीं करता है, वह बीमारी के जैसा है। सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया है। जिसके बाद चर्चा है कि सरकार एक देश, एक चुनाव को लेकर कोई बड़ा फैसला कर सकती है। इसे लेकर जब प्रियांक खरगे से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव, विपक्षी गठबंधन इंडिया से ध्यान हटाने की कोशिश है। भाजपा डरी हुई है...वह महामारी, मणिपुर हिंसा या चीन के अतिक्रमण को लेकर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाते हैं...हमें इसके लिए पांच से ज्यादा संविधान संशोधन करने होंगे। मैं प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि वह लोकसभा के रिसर्च विभाग द्वारा सुझाए गए, इसके पक्ष-विपक्ष पर गंभीरता से गौर करें।





### किसी और ने हाथ धोया होता तो बवाल मच जाता : सपा

यूपी सरकार में मंत्री सतीश शर्मा के शिवलिंग के पास हाथ धोने का वीडियो वायरल होने के बाद बवाल मच गया है। वीडियो को लेकर विरोधी दल के नेताओं ने बीजेपी और मंत्री सतीश शर्मा पर हमला शुरू कर दिया है। समाजवादी पार्टी के नेता सुनील सिंह यादव ने भी इसे लेकर सतीश शर्मा पर निशाना साधा और कहा कि अगर ये किसी और जाति के नेता ने किया होता तो अब तक पाखंडी बीजेपी वाले उसे पार्टी से बाहर निकाल चुके होते, वहीं उन्होंने इस मामले पर सीएम योगी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। सपा नेता सुनील सिंह यादव ने मंत्री सतीश शर्मा के शिवलिंग के पास हाथ धोने वाला वीडियो शेयर कर तीखा हमला बोला और कहा कि लोधेश्वर शिवलिंग पर हाथ धोने वाला अधर्मी सतीश शर्मा, योगी आदित्यनाथ की सरकार में राज्यमंत्री है और साथ में ब्राह्मणों के स्वघोषित इंपोर्टेड चेहरे भी खड़े हैं। यही काम यदि किसी अन्य जाति के नेता ने किया होता तो अब तक पाखंडी भाजपाई उसका निष्कासन करा चुके होते। वैसे बाबा चुप क्यों हैं। इस वीडियो पर कांग्रेस की ओर से भी प्रतिक्रिया आई है, कांग्रेस ने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों का इतनी भी सामान्य बुद्धि नहीं की शिवलिंग के पास हाथ नहीं धोए जाते हैं।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# महाराष्ट्र में आरक्षण मांगने वालों पर लाठीचार्ज निंदनीय

*महाराष्ट्र के जालना में मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग पर जिस तरह से हिंसक झड़प हुई वह निंदनीय है। इस बवाल के बाद राज्य की शिंदे सरकार भी विपक्ष के निशाने पर आ गई है। लाठीचार्ज के बाद घायल हुए लोगों के प्रति हालांकि सबकी संवेदना है। उद्धव गुट शिवसेना के नेता संजय राउत लाठीचार्ज करने का आदेश देने वाले की आलोचना की है। वहीं मनसे नेता राज ठाकरे भी राज्य सरकार को कोसा है। जानकारों का कहना है कि मराठियों की मांग अनुचित नहीं है। दरअसल, मराठी क्रांति मोर्चा और महा विकास अघाड़ी के घटक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा भी विरोध प्रदर्शन किया गया, जबकि सेंटर फॉर इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू) ने जालना घटना की निंदा की। जालना में शुक्रवार को भड़की हिंसा के दौरान करीब 40 पुलिसकर्मी और कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए और कई बसों में आग लगा दी गई। इस मामले में कथित तौर पर संलिप्त 350 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जालना जिले में मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में शनिवार को ठाणे, नासिक और लातूर सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। मराठा क्रांति मोर्चा के आह्वान पर लातूर में आयोजित बंद के दौरान दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांपूर्वाह्न करीब दस बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर एक बैठक आयोजित की गई। बंद के दौरान राज्य संचालित महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बसें सड़कों से नदारद रहीं। मराठा समुदाय को शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण देने की मांग को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओ ने मोटरसाइकिल रैली भी निकाली। जालना की घटना के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने ठाणे शहर की मुख्य सड़कों पर एक रैली निकाली। मराठा महासंघ द्वारा आयोजित रैली मसुंदा तालाब इलाके से शुरू हुई, जहां शिवसेना-भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए। आयोजकों ने दावा किया कि मराठों को जानबूझकर शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण से वंचित किया गया है और उन्होंने भविष्य में आक्रामक आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। नासिक में संभाजी ब्रिगेड और स्वराज्य संगठन के नेतृत्व में जिला कलेक्टरेट के सामने और साथ ही चंदवड और येओला जैसे इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने जालना के पुलिस अधीक्षक को निलंबित करने के साथ-साथ मराठा आरक्षण के मुद्दे का यथा शीघ्र समाधान की मांग की।*

**“ लाठीचार्ज के बाद घायल हुए लोगों के प्रति हालांकि सबकी संवेदना है। उद्धव गुट शिवसेना के नेता संजय राउत लाठीचार्ज करने का आदेश देने वाले की आलोचना की है। वहीं मनसे नेता राज ठाकरे भी राज्य सरकार को कोसा है। जानकारों का कहना है कि मराठियों की मांग अनुचित नहीं है। दरअसल, मराठी क्रांति मोर्चा और महा विकास अघाड़ी के घटक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा भी विरोध प्रदर्शन किया गया, जबकि सेंटर फॉर इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू) ने जालना घटना की निंदा की।**

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# पिघलती बर्फ से निकलते रोगाणुओं के खतरे

मुकुल व्यास

जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप बर्फीली जमीन के पिघलने पर पर्माफ्रॉस्ट (स्थायी तुषार भूमि) में कैद खतरनाक वायरस जाग सकते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण सैकड़ों-हजारों वर्षों से छिपे प्राचीन रोगाणु पर्माफ्रॉस्ट से उभरने लगे हैं और इनमें से लगभग 1 प्रतिशत आधुनिक पारिस्थितिक तंत्र के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं।

हेलसिंकी विश्वविद्यालय में पारिस्थितिक डेटा विज्ञान के प्रोफेसर और अध्ययन के सह-लेखक जियोवन्नी स्ट्रोना ने कहा कि हमने पहली बार इन रोगाणुओं के संभावित पारिस्थितिक प्रभाव की मॉडलिंग करने का प्रयास किया है। पर्माफ्रॉस्ट दरअसल बर्फ से एक साथ बंधी मिट्टी, बजरी और रेत का मिश्रण है। ऐसी जमीन आर्कटिक के क्षेत्रों में पृथ्वी की सतह पर या उसके नीचे पाई जाती है, जिसमें अलास्का, ग्रीनलैंड, रूस, चीन और उत्तरी और पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्से शामिल हैं। जब पर्माफ्रॉस्ट बनता है तो बैक्टीरिया और वायरस जैसे सूक्ष्म जीव इसके अंदर फंस सकते हैं और हजारों या लाखों वर्षों तक निष्क्रिय सजीव अवस्था अथवा सस्पेंडेड एनिमेशन की स्थिति में जीवित रह सकते हैं। गर्माहट वाली अवधि उन चयापचय प्रक्रियाओं को शुरू कर सकती है जो इन निष्क्रिय रोगाणुओं को पुनः सक्रिय और पुनः उत्पन्न कर सकती है।


ग्लोबल वार्मिंग की परिस्थितियों में पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से कुछ रोगाणु बाहर आ रहे हैं जिनमें बीमारी पैदा करने की क्षमता वाले रोगाणु भी शामिल हैं। वर्ष 2016 में साइबेरिया में असामान्य रूप से तेज गर्मी के दौरान पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के बाद एंथ्रेक्स के प्रकोप से हजारों रेनडियर हिरणों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग प्रभावित हुए थे। इसके लिए वैज्ञानिकों ने पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने को जिम्मेदार ठहराया था। ये रोगाणु ज्यादा खतरा इसलिए पैदा करते हैं क्योंकि मनुष्य और आज जीवित अन्य जीव इतने लंबे समय से इनके संपर्क में नहीं आए हैं। इसका अर्थ है कि आधुनिक पारिस्थितिक तंत्र में उनके खिलाफ बहुत कम बचाव हो सकता है। यदि रोगाणु लंबे समय से बैक्टीरिया, मानव या पशु समुदायों के साथ रह रहे हैं तो आप रोगाणुओं और स्थानीय समुदाय के बीच कुछ सह-विकास की उम्मीद कर सकते हैं। इससे पारिस्थितिक तंत्र के लिए रोगाणुओं से खतरा कम हो जाता है। लेकिन यदि हमलावर वायरस और बैक्टीरिया लंबे समय तक निष्क्रिय अवस्था में रहने के बाद सक्रिय हो जाते हैं तो जोखिम बहुत बढ़ जाता है।

यह अनुमान लगाने के लिए कि फिर से उभरने वाले रोगाणु आधुनिक पारिस्थितिक तंत्र को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, स्ट्रोना और उनकी टीम ने वायरस जैसे रोगाणुओं के विकास का डिजिटल रूप से अनुकरण किया जो बैक्टीरिया जैसे मेजबानों को संक्रमित करने और उन्हें बीमारी पैदा करने में सक्षम थे। इस अनुकरण में डिजिटल रोगाणुओं को वास्तविक दुनिया की तरह संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी। कुछ वायरसों ने बैक्टीरिया जैसे मेजबानों के एक अंश को संक्रमित किया और उन्हें मार डाला, जबकि अन्य बैक्टीरिया मेजबानों ने वायरसों के खिलाफ इम्यूनिटी विकसित कर ली। शोधकर्ताओं ने पाया कि 1 प्रतिशत वायरस हाल ही में विकसित बैक्टीरियाई प्रजातियों को काफी हद तक बाधित कर सकते हैं।



इस बीच, वैज्ञानिकों ने बर्फ में जमे हुए 46,000 साल पुराने कीड़ों को फिर से जीवित कर दिया है। वर्ष 2018 में साइबेरियाई पर्माफ्रॉस्ट में खोजे गए ये नन्हे जीव उस समय अस्तित्व में थे, जब ऊनी मैमथ (हाथी) पृथ्वी पर घूम रहे थे। साइबेरियाई पर्माफ्रॉस्ट से खोदे गए पाषाण युग के कीड़ों को निष्क्रिय जीवित अवस्था में 46,000 वर्ष रहने के बाद पुनर्जीवित किया गया। ये कीड़े दरअसल राउंडवर्म हैं। इनकी खोज रूसी वैज्ञानिकों ने 2018 में कोलिमा नदी के पास एक जीवाश्मीकृत गिलहरी के बिल और गहरे हिमनद के जमाव के अंदर की थी। लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि वे क्या हैं और कितने समय से बर्फ में फंसे हुए थे। अब आनुवंशिक सीक्वेंसिंग (अनुक्रमण) से पता चला है कि नेमाटोड वर्ग के ये राउंडवर्म पूरी तरह से नई प्रजाति से संबद्ध हैं जो पिछले हिमयुग के बाद से सुप्तावस्था में हैं। कीड़ों के समान स्तर पर पाए गए पौधों की सामग्री की रेडियो कार्बन डेटिंग से पता चला है कि जमी हुई सामग्री प्लेस्टोसिन भौगोलिक काल के बाद से पिघली नहीं थी। करीब 25 लाख से 11,700 वर्ष पहले तक की अवधि को प्लेस्टोसिन काल कहा जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि ये कीड़े उस समय अस्तित्व में थे जब निएंडरथल मानव, ऊनी मैमथ और कृपाण जैसे दांत वाले बाघ धरती पर विचर रहे थे। इन कीड़ों की लंबाई एक मिलीमीटर से भी कम है। इन जमे कीड़ों को पिघलाया गया और एक पौष्टिक सूप से भरे पेट्री डिश में रख कर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। कुछ हफ्तों तक डिश में रहने के बाद उन्होंने घूमना और खाना शुरू कर दिया। कीड़े कुछ महीनों के भीतर मर गए लेकिन विज्ञानियों ने कहा कि प्रजाति प्रजनन के बाद पुनः उत्पन्न हो गई है और प्रयोगों के दौर से गुजर रही है। जर्मनी के कोलोन विश्वविद्यालय में कृमि प्रयोगशाला के प्रमुख शोधकर्ता डॉ. फिलिप शिफर ने बताया कि आम तौर पर पैनाग्रोलाइमस नेमाटोड कीड़े 20-60 दिन जीवित रहते हैं। उन्होंने कहा कि कीड़ों ने तुरंत प्रजनन शुरू कर दिया और हमारे पास प्रयोगशाला में इन कीड़ों का कल्चर है। इस प्रकार यह प्रजाति जीवित है और हम इन पर प्रयोग कर रहे हैं।

# गांठ का धन ही सहेजेगा आपका बुढ़ापा



क्षमा शर्मा

हाल ही में एक बीमा कम्पनी के सर्वेक्षण पर नजर पड़ी। खास बात यह कि इसके नतीजे चौंकाने वाले थे। इसमें बताया गया था कि जो लोग पचास वर्ष से ऊपर हैं, उनमें से बहुतों को दु:ख है कि उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के बारे में गंभीरता के साथ नहीं सोचा। आय के साधन जब नहीं रहेंगे तो जीवन कैसे चलेगा, इस पर ध्यान ही नहीं दिया। उस हिसाब से की गई बचत और उसकी योजना भी नहीं बनाई। इनमें से हर तीसरे व्यक्ति का कहना था कि उसकी जो बचत है, वह तो मात्र पांच साल में ही खत्म हो जाएगी। फिर आगे क्या होगा, इसकी भारी चिंता है। हालांकि, सर्वे में देखा गया कि महिलाएं इस बारे में ज्यादा जागरूक हैं। इसमें यह बात भी सामने आई कि पांच में से दो लोगों ने अपनी सेवानिवृत्ति को ध्यान में रखते हुए कहीं कोई निवेश तक नहीं किया है। इनमें से अधिकांश लोगों का मानना था कि उनके पास अपनी सम्पत्ति है। बुरे वक्त में वह काम आएगी। साथ ही नौकरी के बाद उनके बच्चे उनका ध्यान रखेंगे। अगर सम्पत्ति के बारे में बात करें तो या तो वह किराए पर हो तो कुछ आमदनी हो सकती है, या फिर उसे बेचना पड़ेगा। बेची गई सम्पत्ति के पैसे कितने दिन चलेंगे।

पुरानी कहावत है कि अगर नियमित आय न हो, तो भरी हुई खत्तियां भी खाली हो जाती हैं। इसके अलावा आज की स्थिति को देखते हुए कितने बच्चे ऐसे हैं जो अपने माता-पिता की आर्थिक जरूरत, उनका चिकित्सा व्यय तथा अन्य खर्चों का भार उठा सकते हैं। वैसे भी यदि आप आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हैं, तो हमेशा दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है, और बुढ़ापा काटे नहीं कटता। बच्चों के अपने घर-परिवार हो जाते हैं। उनकी अपनी जरूरतें होती हैं। ऐसे में वे अपनी जरूरतें पूरी करें, अपने परिवार को देखें या माता-पिता का खर्च उठाएं। और अपने यहां बुजुर्गों की स्थिति किसी से छिपी भी नहीं है। बहुत बार बच्चे ऐसा मुंह मोड़ते हैं कि देखभाल करना तो दूर, पलटकर देखते भी नहीं हैं। इसलिए बच्चे ही सब कर लेंगे, यह सोच कोई अग्रगामी सोच भी नहीं है। इससे आफतें ही बढ़ सकती हैं।

बच्चे अच्छे और देखभाल करने वाले हों यह एक बोनस प्वाइंट है। मगर ऐसा हमेशा ही होगा, इसे कौन बता सकता है। बच्चों की क्या गारंटी है। जीवन कितना लम्बा है, आपके कितने खर्चे हैं, इसका हिसाब न बच्चे लगा सकते हैं, न इसे बच्चों के ऊपर छोड़ा ही जाना चाहिए। कायदे से तो अगर पचास की उम्र में भी बचत की शुरुआत कर ली जाए, खर्चे कुछ कम किये जाएं तो कुछ सहारा तो रहेगा। अफसोस है कि लोगों ने इस बात को नहीं ध्यान में रखा। इस सर्वेक्षण को भारत के अट्ठाईस शहरों में किया गया। इसमें दो हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसके आंकड़ों पर जाएं तो हमारी आबादी के हिसाब से बहुत बड़ी संख्या ऐसी दिखती है जिन्होंने भविष्य के बारे में नहीं सोचा है। यह एक चिंताजनक बात है। पंचतंत्र में कहा गया है कि जिनके पास कंचन नहीं, कामिनी भी उनकी नहीं रहती। यानी कि अगर आप के पास अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए धन नहीं है, आप हमेशा दूसरों के सामने हाथ फैलाते हैं तो परिवार भी साथ छोड़ देता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण देखने में भी आते हैं। इस संदर्भ में अपने साथ काम करने वाली एक लड़की का ख्याल आता है। वह भी अब पचास के आसपास होगी। वह भी कहती कि मैडम बचत करके क्या करेंगे, पहले लाइफ को इंजॉय तो कर लें। इस एंजॉय करने में वह खुद ही बताती थी कि वेतन से बाहर खाने-पीने, घूमने के बाद जो कुछ बचता है उससे वह कभी नई कार खरीदती है, कपड़े, मोबाइल, अथवा अन्य चीजें। फिर जो कुछ बचता है, उससे हर साल कोई न कोई विदेश यात्रा करती है। वह कहती थी कि बचत के लिए प्रोविडेंट फंड तो है न। वह यह भूल गई कि प्रोविडेंट फंड में राशि तभी तक जमा हो पाती है, जब तक कि नौकरी हो। आजकल नौकरियों का जो हाल है, उसमें आज नौकरी है कल नहीं। स्थाई नौकरियां या तो जा चुकी हैं। जहां बची हैं, वे धीरे-धीरे खत्म हो रही हैं। अपने देश में बूढ़ों के लिए या जिनकी नौकरी चली जाए उनके लिए पश्चिम की तरह कोई सोशल सिक्योरिटी भी नहीं है। ऐसे में ले-देकर यही बात सामने आती है कि आप जो कुछ कमाएं उसे आज उड़ाने की जगह भविष्य के लिए भी एक बड़ा हिस्सा बचाएं। उन्हें उन योजनाओं में लगाएं जिनसे आगे अच्छी आय हो सके और आपका जीवन सुचारु रूप से चल सके।

संयोग से पिछले दिनों इस लड़की से मुलाकात हुई थी। वह परेशान थी क्योंकि उसके पास न नौकरी थी और उतनी बचत भी नहीं कि घर चल जाए। उसका चमकता चेहरा आभाहीन हो चुका था। उसने जो कुछ कहा उससे घबराहट भी हुई। उसका कहना था कि आने वाले दिनों में उसके पास मकान का किराया देने तक के पैसे नहीं बचेंगे। शायद वह भी पछताती होगी कि समय पर क्यों कुछ नहीं सोचा। हालांकि इस सर्वेक्षण के मुकाबले महिलाएं बचत को लेकर ज्यादा जागरूक थीं। इसमें से कुल बावन प्रतिशत महिलाएं सुरक्षित भविष्य के लिये इसे बहुत जरूरी भी मानती हैं। इसी में दस में से नौ लोगों ने इस बात पर बहुत दु:ख भी जाहिर किया था कि उन्होंने सही समय पर अपने भविष्य के बारे में नहीं सोचा और बचत नहीं की। सर्वेक्षण में जो बात अच्छी लगी वह यह कि इसमें मिलेनियल्स ने भी भाग लिया था। वे बचत को लेकर ज्यादा जागरूक नजर आए। यानी कि युवा पीढ़ी अपने भविष्य की चुनौतियों को समझ रही है। वह भविष्य को लेकर जागरूक है और बचत भी करना चाहती है। जो लोग इस बारे में जागरूक नहीं दिखे, वे हैं जो अस्सी के दशक में बड़े हो रहे होंगे। यह वह जमाना था, जब अपने देश में खाओ-पिओ मौज उड़ाओ की संस्कृति का बहुत विकास हुआ था। आज जिओ, कल की चिंता मत करो। ये सब चार्वाक के शिष्य मालूम होते हैं जिन्होंने कहा था कि ऋण लेकर भी अगर घी पीना पड़े, तो भी ऐसा करो। जबकि हम जानते हैं कि अपनी मेहनत की कमाई को हम जिन उत्पादों को खरीदने पर खर्च कर रहे हैं, इतरा रहे हैं, अपने को ताकतवर समझ रहे हैं, उनसे कम्पनियों का मुनाफा दिन दूना-रात चौगुना बढ़ता है। लेकिन यदि आप किसी आपदा में फंसते हैं, तो ये कम्पनियां कभी इसलिए आपको बचाने नहीं आएंगी कि आप उनके कितने भरोसेमंद ग्राहक रहे हैं। ऐसे वक्त में सिर्फ आपकी जमा-पूंजी ही आपको सुरक्षा कवच उपलब्ध कराएगी। इसलिए बचत के मामले में बूंद-बूंद से घट भरे की कहावत को याद रखना चाहिए। उसको व्यावहारिक रूप भी देना चाहिए।? इसके अलावा यह भी कि किसी भी मुसीबत में आपके पास का धन ही आपका सबसे सच्चा हितैषी और मित्र साबित होता है। वरना तो मुश्किल वक्त में तो अपने भी मुंह फेरने में देर नहीं करते।

# नींद की समस्या

## शरीर और मन दोनों के लिए नुकसानदायक



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार और नियमित व्यायाम को सबसे आवश्यक माना जाता है, अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसमें रोजाना रात में अच्छी नींद लेने की जरूरत को भी शामिल किया है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि नींद की गुणवत्ता में कमी कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि सभी उम्र के लोग रोजाना कम से कम 6-8 घंटे की निर्बाध नींद लेना जरूर सुनिश्चित करें। अगर आपको नींद लेने में कोई समस्या हो रही है या फिर रात को अक्सर नींद टूट जाती है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना और इसका उचित उपचार प्राप्त करना आवश्यक हो जाता है। नींद की इस तरह की समस्याएं कुछ अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं। बेहतर नींद के लिए ये उपाय करके आप न सिर्फ नींद की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं साथ ही कई प्रकार की बीमारियों के खतरे से भी खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

### तेज-नीली रोशनी का संपर्क करें कम

हमारे शरीर में एक प्राकृतिक घड़ी होती है जिसे सर्केडियन रिदम के रूप में जाना जाता है। यह आपके मस्तिष्क, शरीर और हार्मोन को प्रभावित करती है। यही दिन के समय आपको जागते रहने में मदद करती है और रात में शरीर को संकेत देती है कि अब सोने का समय हो गया है। दिन में जो लोग तेज रोशनी या कई प्रकार की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी के अधिक संपर्क में रहते हैं उनमें सर्केडियन रिदम प्रभावित हो सकती है।



### अच्छी नींद सभी के लिए जरूरी

खराब नींद आपके हार्मोन, व्यायाम प्रदर्शन और मस्तिष्क के कार्यों को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। इससे वजन बढ़ने का भी खतरा रहता है जिसे वयस्कों और बच्चों दोनों में कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता रहा है। मसलन अच्छी नींद न सिर्फ आपके मन को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है साथ ही यह शरीर को स्वस्थ रखने में भी मददगार हो सकती है।

### कैफीन का सेवन कम करें

कैफीन के कई फायदे और नुकसान हो सकते हैं, पर अगर आप देर शाम के बाद इसका अधिक मात्रा में सेवन करते हैं तो इसके कारण भी नींद की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। कैफीन आपके तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करती है ऐसे में अगर आप इसका अधिक मात्रा में सेवन करते हैं तो इससे रात की नींद प्रभावित हो सकती है। नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कैफीन के सेवन को कम करने की सलाह दी जाती है। सोने से 4 घंटे पहले कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए।



### सोने और जागने का समय करें निर्धारित

नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सबसे जरूरी है कि रोजाना आप एक ही समय पर सोने-जागने की आदत बनाएं। शरीर की सर्केडियन रिदम एक निर्धारित लूप पर काम करती है, जो सूर्योदय और सूर्यास्त पर भी निर्भर करती है। अध्ययन में पाया गया कि जिन प्रतिभागियों की नींद अनियमित थी या वीकेंड पर देर से सोते थे, उन्होंने नींद की गुणवत्ता में कमी की शिकायत की। अध्ययनों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि अनियमित नींद के पैटर्न, आपके सर्केडियन रिदम और मेलाटोनिन के स्तर को भी बदल सकती हैं, जो मस्तिष्क को सोने के लिए संकेत देती है।





## हंसना मना है

प्रेमिका-अरे, तुम नहीं जानते, इस मिनी स्कर्ट के बड़े फ़ायदे हैं, पता है, मिनी स्कर्ट पहने होने पर लड़की संकट आने पर तेज़ी से भाग सकती है। प्रेमी-और मिनी स्कर्ट पहनने के कारण वो संकट में कभी भी आ सकता है।

लड़की: क्या मैं तुम्हें जानती हूं? लड़का: नहीं, लड़की: फिर तुमने मुझे फ्रेंड रिक्वेस्ट क्यों भेजी? लड़का: क्योंकि फेसबुक बार-बार मुझसे तुम्हें फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने के लिए कह रहा था और मैं फेसबुक को नाराज नहीं करना चाहता था।

फकीर- आपके पड़ोसी ने पेट भर कर खाना खिलाया है, आप भी कुछ खिलाओ। चिंटू- ये लो हाजमोला।

पत्नी- आखिर औरत क्या-क्या संभाले? तुम को संभाले, तुम्हारे बच्चे संभाले, तुम्हारे मां बाप को संभाले, या तुम्हारा घर संभाले ! पति - (बड़े सुकून से जवाब देता है) औरत सिर्फ अपनी ज़बान संभाले बाकी सब अपने आप संभल जायेगा।

लड़का- तुम्हारा कोई बॉयफ्रेंड नहीं है? लड़की- नहीं है, लड़का- झूठ ! लड़की- झूठ बोल के क्या मिलेगा? लड़का- एक नया बॉयफ्रेंड और क्या..

## कहानी — लक्ष्य

एक लड़के ने एक बार एक बहुत ही धनवान व्यक्ति को देखकर धनवान बनने का निश्चय किया। वह धन कमाने के लिए कई दिनों तक मेहनत कर धन कमाने के पीछे पड़ा रहा और बहुत सारा पैसा कमा लिया। इसी बीच उसकी मुलाकात एक विद्वान से हो गई। विद्वान के ऐश्वर्य को देखकर वह आश्चर्यचकित हो गया और अब उसने विद्वान बंनने का निश्चय कर लिया और अगले ही दिन से धन कमाने को छोड़कर पढ़ने-लिखने में लग गया। वह अभी अक्षर ज्ञान ही सिख पाया था, की इसी बीच उसकी मुलाकात एक संगीतज्ञ से हो गई। उसको संगीत में अधिक आकर्षण दिखाई दिया, इसीलिए उसी दिन से उसने पढाई बंद कर दी और संगीत सिखने में लग गया। इसी तरह काफी उम्र बित गई, न वह धनी हो सका ना विद्वान और ना ही एक अच्छा संगीतज्ञ बन पाया। तब उसे बड़ा दुख हुआ। एक दिन उसकी मुलाकात एक बहुत बड़े महात्मा से हुई। उसने महात्मन को अपने दु:ख का कारण बताया। महात्मा ने उसकी परेशानी सुनी और मुस्कुराकर बोले, बेटा, दुनिया बड़ी ही चिकनी है, जहां भी जाओगे कोई ना कोई आकर्षण जरूर दिखाई देगा। एक निश्चय कर लो और फिर जीते जी उसी पर अमल करते रहो तो तुम्हें सफलता प्राप्ति अवश्य हो जाएगी, नहीं तो दुनियां के झमेलों में यूं ही चक्कर खाते रहोगे। बार-बार रूचि बदलते रहने से कोई भी उन्नति नहीं कर पाओगे। युवक महात्मा की बात को समझ गया और एक लक्ष्य निश्चित कर उसी का अभ्यास करने लगा।

**शिक्षा-** उपर्युक्त प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती हैं कि, हम जिस भी कार्य को करें, पूरे तन और मन से से एकाग्रचित होकर करें, बार-बार इधर-उधर भटकने से बेहतर यही की एक जगह टिककर मेहनत की जाएं, तभी सफलता प्राप्त की जा सकती हैं।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**

सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा।

**तुला**

प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें। लाभ में वृद्धि होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ**

लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी।

**मिथुन**

कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े।

**धनु**

दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कर्क**

कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**

कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह**

आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कुम्भ**

दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या**

किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**मीन**

व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# बैजू बावरा की कास्टिंग की चर्चा पर न दें ध्यान: सीईओ



संजय लीला भंसाली ने जब से फिल्म बैजू बावरा बनाने का एलान किया है, तब से फिल्म के लीड स्टार्स को लेकर चर्चा जोरों पर है। इसे लेकर तमाम अटकलें लगाई गईं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि भंसाली ने इस पीरियड ड्रामा फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट को बतौर लीड साइन किया है। मगर, अब भंसाली प्रोडक्शंस की सीईओ ने इसे लेकर सफाई पेश की है। भंसाली प्रोडक्शंस की सीईओ प्रेरणा सिंह ने हाल ही में एक मीडिया वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया कि बैजू बावरा की कास्टिंग को लेकर खबरें कोविड महामारी के वक्त से ही चल रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि उस वक्त कभी-कभी भंसाली परेशान हो जाते थे और कहते, यह क्या हो रहा है? मैं नहीं समझ रहा। एक तरफ लोग अपनी जिंदगी के लिए जूझ रहे हैं, और वहीं कुछ लोग हमारे ऑफिस में दिलचस्पी ले रहे हैं। इस पर उन्होंने फिल्म निर्माता को सलाह दी थी कि चल रही बातों से न तो इनकार करना चाहिए, न स्वीकार...इसे यूं ही रहने दिया जाए।
प्रेरणा ने आगे बताया कि बैजू बावरा को लेकर एक दिन खबर चली कि तीन हीरो इसका हिस्सा बनेंगे। उन्होंने आगे बताया, अगर प्रोडक्ट और मेकर्स अच्छे हों तो प्रोजेक्ट को लेकर बज खुद ही क्रिएट हो जाता है। यही तरीका उन्होंने अपने ऑफिस में बना रखा है और संजय लीला भंसाली भी इस फिलॉसफी में यकीन रखते हैं।
फिलहाल, संजय लीला भंसाली ने बैजू बावरा की पुष्टि नहीं की है। अभी वह अपनी पहली ओटीटी सीरीज हीरामंडी पर काम करने में व्यस्त हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भंसाली अभी हीरामंडी का सेट री-डिजाइन करने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा समेत कई एक्ट्रेस नजर आएंगी।

# ओएमजी 2 में मिला अक्षय की बदौलत मौका: यामी गौतम

बॉलीवुड | मसाला



अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी फिल्म ओएमजी 2 की सफलता का आनंद ले रही हैं। फिल्म में उनकी अदाकारी को दर्शकों ने खूब सराहा। ओएमजी 2 में यामी ने अभिनेता अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी के साथ काम किया है। अब यामी ने बताया कि कैसे उन्हें ओएमजी 2 में कामिनी माहेश्वरी की भूमिका मिली। उन्होंने खुलासा किया कि यह अक्षय कुमार थे, जिन्होंने 2020 में लॉकडाउन के दौरान इस परियोजना के लिए उनसे संपर्क किया था। यामी गौतम ने कहा, हम बीच में थे, दूसरे लॉकडाउन में जब अक्षय सर ने मुझे ओएमजी 2 के लिए बुलाया। बहुत ईमानदारी से उन्होंने मुझसे कहा कि यह मेरे करियर की सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट में से एक है। कहानी सामने आनी चाहिए। मुझे अपने निर्देशक का आपसे परिचय कराना अच्छा लगेगा। यामी ने आगे कहा कि अक्षय कुमार ने निर्देशक अमित राय को फोन लगाया और बात करवाई। यामी ने कहा कि मैं उनके सक्रिय सम्मेलनों को देखकर बहुत खुश थी। यह जानकर कि यह विषय कुछ लोगों को प्रेरित करेगा। आग और सवाल, हमने इसे बहस या सवाल के बजाय एक चर्चा के रूप में देखा। यामी की आखिरी थिएटर रिलीज 2019 की कॉमेडी फिल्म ड्रामा बाला थी, जिसमें आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर भी थे। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के कारण उन्हें कुछ समय के लिए थिएटर में रिलीज नहीं मिल सकी। इस बीच उन्हें ए थर्सडे, लॉस्ट और चोर निकल के भागा जैसी कई ओटीटी फिल्मों में देखा गया। उन्होंने कहा कि जो भी होता है अच्छे के लिए होता है। मुझे इन मंचों पर ऐसे दर्शक मिले हैं, जो कहीं नहीं जा रहे हैं। बेशक, आपको दोनों के बीच विचार करना चाहिए। वहीं बात करें फिल्म ओएमजी 2 की तो इसका निर्देशन अमित राय ने किया है। वहीं, इसका निर्माण अरुणा भाटिया, विपुल डी. शाह, राजेश बहल और अश्विनी वर्दे ने किया है। यह फिल्म भारतीय शिक्षा प्रणाली में यौन शिक्षा के वर्जित विषय से संबंधित फिल्म है।

# सलमान बिल्कुल अपने जैसा ही लगता है: धर्मेंद्र

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। लंबे समय के बाद धर्मेंद्र को सिल्वर स्क्रीन पर देखकर फैंस भी काफी उत्साहित हो गए थे। अब हाल ही में, धर्मेंद्र ने बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया है। साथ ही अभिनेता सलमान की तारीफों के पुल भी बांधे हैं। हाल ही में, अनिल शर्मा की फिल्म 'गदर 2' की सक्सेस पार्टी में दोनों मेगा स्टार्स एक छत के नीचे एक साथ नजर आए। सितारों से सजे कार्यक्रम में हाथ थामे उनकी एक तस्वीर ऑनलाइन वायरल हो गई। फैंस भी लंबे समय के बाद दोनों अभिनेताओं के देखकर काफी खुश थे। अब धर्मेंद्र का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने सलमान की खुद से तुलना की है और उन्हें अपने जैसा बताया है। सोशल मीडिया पर धर्मेंद्र का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में धर्मेंद्र सलमान की तारीफ करते हुए कहते हैं कि वैसे तो इस नई पीढ़ी के सभी हीरो मेरे बेटे जैसे हैं। मैं सबसे बहुत प्यार करता हूं, लेकिन सलमान उन सबसे अलग है। मुझे उसे खुद से जोड़ कर देख सकता हूं। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि 70-80 के दशक की मेरी जिंदगी उसके साथ बहुत मिलती-जुलती है। मुझे सलमान बिल्कुल अपने जैसा ही लगता है।' धर्मेंद्र ने आगे कहा कि इंडस्ट्री में मेरी और सलमान की पहचान कुछ ऐसी हो गई है कि हम अगर आह भी कर देते हैं तो वह मसाला बनकर हमारे खिलाफ प्रयोग किया जाता है। वहीं, दूसरे लोग कत्ल भी कर दें तो कोई इसकी चर्चा नहीं करता है। मेरे और सलमान की जिंदगी काफी हद तक एक-दूसरे से मिलती है, जिस तरह मैंने अपनी जिंदगी में कई दिक्कतों और संघर्षों का सामना किया है। वैसे ही सलमान ने भी किया है।' बता दें कि हाल ही में (दो सितंबर) को 'टाइगर 3' का पोस्टर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और कटरीना का धांसू लुक देखने को मिला है। बता दें कि इस फिल्म वॉर और पठान का रिफरेंस भी देखने को मिल सकता है। सलमान की इस फिल्म का फैंस को लंबे समय से इंतजार है।



अजब-गजब | ऐसा अद्भुत मंदिर जिसका आज तक नहीं सुलझा रहस्य

# जहां आधी रात को मूर्तियां करती हैं आपस में बात!

हमारा देश आस्था और मंदिरों का देश है। यहां लाखों की संख्या में मंदिर मौजूद हैं। इनमें से कुछ मंदिर ऐसे हैं, जो रहस्यमयी हैं और इनमें कई तरह के चमत्कार देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक रहस्यमयी मंदिर बिहार में भी है। इस अद्भुत मंदिर का नाम राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर में स्थापित मूर्तियां आपस में बात करती हैं। यह मंदिर बिहार के बक्सर में स्थित है। इस मंदिर के पास से जो कोई भी गुजरता है उसे ऐसा सुनाई देता है जैसे कि मंदिर के अंदर कोई बुदबुदा रहा है। इस मंदिर को शक्ति पीठ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना करीब 400 साल पहले की गई थी। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण भवानी मिश्र नाम के व्यक्ति ने कराया था। इतना ही नहीं इस मंदिर में मिश्र परिवार ही सेवा करता आया है। बता दें कि इस मंदिर में कई सारे देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। इन मूर्तियों के बारे में कहा जाता है कि यह मूर्तिया रात को आपस में बात करती हैं। रात को इन मूर्तियों की आवाज सुनकर हर कोई डर जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में कोई भी मनोकामना मांगने पर पूरी हो जाती है।



वहीं इस मंदिर पर तांत्रिकों की अटूट आस्था है। यहां किसी के नहीं होने पर भी कई तरह की आवाजें सुनाई देती हैं। राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर की सबसे अनोखी मान्यता यह है कि निस्तब्ध निशा में यहां स्थापित मूर्तियों से बोलने की आवाजें आती हैं। मध्य-रात्रि में जब लोग यहां से गुजरते हैं तो उन्हें आवाजें सुनाई पड़ती हैं। वैज्ञानिकों की मानें, तो यह कोई वहम नहीं है। इस मंदिर के परिसर में कुछ शब्द गूंजते रहते हैं। यहां पर वैज्ञानिकों की एक टीम भी गई थी, जिन्होंने रिसर्च करने के बाद कहा कि यहां पर कोई आदमी नहीं है। इस कारण यहां पर शब्द भ्रमण करते रहते हैं। वैज्ञानिकों ने यह भी मान लिया है कि यहां पर कुछ न कुछ अजीब घटित होता है, जिससे कि यहां पर आवाज आती है।

# स्कूल में लंच करके सो जाते हैं बच्चे! टीचर देते हैं तकिया-बिस्तर और प्राइवेट रूम भी...



यूं तो स्कूल बच्चों के लिए पढ़ने और खेलने-कूदने की जगह होते हैं लेकिन आजकल स्कूलों में और भी गतिविधियां कराई जाती हैं। उन्हें बहुत सी ऐसी चीज़ें सिखाई जाती हैं, जो हमने बचपन में शायद ही सीखी हों। स्कूल भी इसके नाम पर तरह-तरह की फीस वसूलते रहते हैं। हालांकि जब कोई स्कूल एक्टिवेटीज और खाने-पीने के अलावा सोने की भी फीस वसूले तो मामला ज्यादा ही अजीब हो जाता है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के एक स्कूल में ऐसी ही फीस वसूली जा रही है, जो बच्चों को कुछ सिखाने के लिए नहीं बल्कि सुलाने के लिए मांगी जाती है। सोशल मीडिया पर इस स्कूल की ये अजीबोगरीब फीस चर्चा का विषय बनी हुई है। चीन के दक्षिण पूर्वी प्रांत गुआंगडॉन्ग में ये स्कूल है और पैरेंट्स उसकी इस डिमांड पर दंग हैं। गुआंडॉन्ग प्रांत में मौजूद जेशेंड प्राइमरी स्कूल के छात्रों पर नए सत्र से नैप फीस यानि झपकी लेने की फीस लगाई जा रही है। स्कूल के पैरेंट टीचर ग्रूप की एक चैट इन दिनों चीनी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें ये बताया गया है कि बच्चों पर नैप चार्ज लगाया जा रहा है। इसके मुताबिक स्कूल में बच्चे थोड़ी देर के लिए सो सकेंगे और इस दौरान वे टीचर्स की निगरानी में होंगे। हालांकि वे इस दौरान घर जाने के लिए भी फ्री होंगे लेकिन अगर वे स्कूल में सोएंगे, तो उन्हें फीस देनी पड़ेगी। अगर बच्चा इस ब्रेक के दौरान अपनी डेस्क पर ही सिर झुकाकर सोएगा, तो उसे 200 युआन यानि 2300 रुपये देने होंगे। अगर वो क्लासरूम में ही बाकायदा मैट लगाकर सोना चाहेगा, तो उसे 360 युआन यानि करीब 4500 रुपये देने होंगे. अगर उसे सोने के लिए प्राइवेट रूम चाहिए होगा, जिसमें उसे बेड भी मिलेगा, तो उसे इसके लिए 680 युआन यानि करीब 7800 रुपये की फीस देनी होगी।

# ईसाई मिशनरियों से उधार लिए हुए विचार का प्रचार कर रहे उदयनिधि : अन्नामलाई

## गोपालपुरम परिवार का एकमात्र संकल्प ज्यादा संपत्ति जमा करना : भाजपा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म की तुलना 'मच्छरों, डेंगू, मलेरिया और कोरोना' से करने वाली टिप्पणी पर बीजेपी ने जोरदार पलटवार किया है। बीजेपी के तमिलनाडु प्रमुख के अन्नामलाई ने उन पर आरोप लगाया कि यह 'ईसाई मिशनरियों से उधार लिए हुए विचार' का प्रचार करना है। डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर तीखा जवाब देते हुए अन्नामलाई ने एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किया कि 'गोपालपुरम परिवार का एकमात्र संकल्प राज्य की जीडीपी से भी ज्यादा संपत्ति जमा करना है।

उदयनिधि स्टालिन, आपके पिता या आपका विचार ईसाई मिशनरियों से उधार लिया हुआ विचार है। उन मिशनरियों का लक्ष्य अपनी विचारधारा को दोहराने के लिए आपके जैसे लोगों को विकसित करना था।' उदयनिधि पर और कटाक्ष करते हुए भाजपा के राज्य प्रमुख ने कहा कि 'तमिलनाडु आध्यात्म की भूमि है। सबसे अच्छी तरह जो आप कर सकते हैं, वह है इस तरह के कार्यक्रम में माइक पकड़ना और अपनी निराशा जताना!'



## सनातन धर्म का अपमान देश का अपमान : लक्ष्मण



भोपाल। तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान पर भाजपा के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के भाई और विधाय लक्ष्मण सिंह का बयान सामने आया है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सनातम धर्म का अपमान, देश का अपमान है। कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने मंगलवार को ट्वीट किया कि उदयनिधि को सनातन धर्म नहीं मानना तो न मानें, हम उन्हें मजबूर भी नहीं कर रहे। विश्व के कई देश सनातन धर्म अपना रहे हैं। सनातन धर्म का अपमान, देश का अपमान है। बता दें डीएमके के नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, डेंगू, मलेरिया से की थी। साथ ही कहा था कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए। ब्लकि इसको कुचल देना चाहिए।

## नफरत व विभाजनकारी राजनीति न करें : सिंधिया



डीएमके के नेता उदयनिधि स्टालिन के बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नवगठित इंडिया के सनातन धर्म विरोधी विचार बाहर आ चुके है। तुष्टिकरण के लिए हिंदुत्व का अपमान करते है और हिंदू वोट के लिए कभी पूजा तो कभी धर्म पाठ का नाटक करते है। यह मत भूलिए कि हिंदुत्व के अंत का स्वप्न देखने वाले इतिहास में कई आक्रांताओं की नस्लों का अंत हो गया। अतः नफ़रत व विभाजनकारी राजनीति ना करें। भारत की पवित्र भूमि पर जन्म लिया हर धर्म, विचार, जीवनशैली ईश्वरीय व अजर अमर है।

## हिंदुत्व पर हमला करने वालों को जनता देगी जवाब : शिवराज



सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के नेता सनातन धर्म को खत्म करने की बात कर रहे हैं। मैडम सोनिया जान लें विदेशी आक्रांता जैसे खत्म हो गए, वैसे ही यह भी खत्म हो जाएंगे, लेकिन सनातन हिन्दू धर्म खत्म नहीं होगा। शिवराज ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगियों में सनातन के लिए जहर भरा हुआ है। वे उसे ही उगल रहे हैं। चौहान ने विपक्षी गठबंधन की सुप्रीमो से सीधा सवाल किया कि मैडम सोनिया बताएं उनके नेता क्यों हमारे हिन्दुत्व का अपमान कर रहे हैं। शिवराज ने कहा कि औरंगजेब और बाबर जैसे अनेक आक्रांता आए, लेकिन सनातन की धर्म ध्वजा सदैव लहराती रही है। क्योंकि सनातन इस देश की मिट्टी में है। प्रत्येक भारतीय के दिल में है। जनता ने हमेशा सनातन विरोधियों को धूल चटाई है। ऐसी ही धुल जनता विपक्ष में बैठे सनातन विरोधी गिरोह को भी चटाएगी।

## कमलनाथ ने बयान से जताई असहमति



पीसीसी चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मीडिया के सवाल पर स्टालिन के बयान पर असहमति जताई। कमलनाथ ने कहा कि यह उनकी निजी राय होगी। मैं उनसे सहमत नहीं हूं। प्रदेश चुनाव प्रभारी रणदीप सूरजेवाला ने कहा कि सनातन धर्म, सनातन परंपरा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। मुझे यह जानकारी नहीं है। मैं एक भारतीय के तौर पर कह सकता हूं कि सनातन परंपरा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। और वह युग योगांतर तक रहेगा।

# हापुड़ कांड की जांच करेगी चार सदस्यीय समिति

### » मेरठ कमिश्नर करेंगे अध्यक्षता, पूर्व जज भी शामिल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। हापुड़ में पुलिसकर्मियों द्वारा वकीलों पर लाठीचार्ज की जांच को लेकर बनाई गई तीन सदस्यीय समिति में फैमिली कोर्ट के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश हृदयनाथ पांडेय को भी जोड़ा गया है। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने दी।

प्रकरण की जांच के लिए पहले मेरठ कमिश्नर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था जिसमें आईजी मेरठ और डीआईजी मुरादाबाद शामिल थे। अब चार सदस्यीय समिति घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। उधर, हापुड़ की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्ववान पर लखनऊ सहित प्रदेश भर में वकीलों ने अदालती कार्य नहीं किया। लखनऊ बार के महासचिव के नेतृत्व में सीएम को डीएम के जरिये ज्ञापन देकर हापुड़ के डीएम-एसपी का तुरंत स्थानांतरण किए जाने, लाठीचार्ज के दोषी पुलिसवालों पर केस दर्ज करने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तुरंत लागू करने व घायलों को मुआवजे की मांग की। वकीलों ने धरने के बाद बैठक की। इसमें निर्णय लिया कि बार काउंसिल के आह्वान पर वकील मंगलवार को मुख्य सचिव और पुलिस प्रशासन का पुतला रुकेंगे तथा काम नहीं करेंगे। हड़ताल की पहले से जानकारी के चलते ज्यादातर वादकारी कोर्ट नहीं आए।



# उत्तर भारत में सितंबर में पड़ी जेठ वाली गर्मी

### » पारा 40 डिग्री सेल्सियस से पार, लोग बेहाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली और उत्तर भारत के कई राज्यों में सितंबर महीने में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। पूरे उत्तर भारत के लोग उमस से बेहाल हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, नई दिल्ली (सफदरजंग) में सोमवार, 4 सितंबर को अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 2011 के बाद से दर्ज किया गया सबसे अधिक तापमान है, राजधानी में दर्ज अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य स्तर से छह डिग्री अधिक है, वहीं, राजस्थान में अगस्त के बाद सितंबर में भी रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया जा रहा है, मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो मौसम के ये बदले मिजाज जलवायु परिवर्तन का परिणाम है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और रात में हल्की बारिश हो सकती है, अधिकतम और न्यूनतम तापमान के कमशः 37 डिग्री सेल्सियस और 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है. सोमवार को न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री ज्यादा है। इधर, राजस्थान के चुरू में फिर से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पिलानी में 4 सितंबर, 2023 को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी जयपुर के अनुसार, 4 सितंबर को राजस्थान में कई अन्य महत्वपूर्ण शहरों में भी तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।



## दक्षिण भारत में भारी वर्षा

केरल के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हुई जिससे अलाप्पुझा जिले में दो लोगों की मौत हो गई, यह मौतें रविवार को एक दुर्घटना में हुई जब चार लोगों के परिवार को ले जा रहे एक ऑटोरिक्शा के चालक ने भारी बारिश के बीच नियंत्रण खो दिया। इसके बाद वाहन पलट गया और अचनकोविल नदी में गिर गया। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि पथनमथिट्टा जिले में पिछले तीन दिनों में रुक-रुककर हुई भारी बारिश के कारण कुछ हिस्सों से भूस्खलन की सूचना मिली है और मुझियार बांध के एक फाटक को खोल दिया गया है जिससे पंबा नदी का जलस्तर बढ़ेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को पूर्वानुमान लगाया कि राज्य के तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों में एक या दो स्थानों पर मध्यम बारिश हो सकती है।

# एशिया कप के सुपर-4 में पहुंची टीम इंडिया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पालेकल। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से भारत ने नेपाल को बारिश से प्रभावित मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 10 विकेट से हराकर एशिया कप एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार में जगह बनाई। ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने तीन-तीन अंक के साथ सुपर चार में जगह बनाई जबकि नेपाल अपने दोनों मैच हारने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गया।



**नेपाल को डकवर्थ लुईस पद्धति से 10 विकेट से हराया**

भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इस मैच में भी बारिश के कारण लगभग तीन घंटे का खेल नहीं हो पाया। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर 48.2 ओवर में 230 रन बनाए। भारत में जब 2.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 17 रन बनाए थे, तब बारिश के कारण लगभग दो घंटे तक खेल रुका रहा। इसके बाद भारत को डकवर्थ लुईस पद्धति से 23 ओवर में 145 रन का लक्ष्य मिला। भारत ने 20.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। रोहित ने 59 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 74 रन बनाए जबकि गिल ने 62 गेंदों पर नाबाद 67 रन की पारी खेली जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है।पाकिस्तान के खिलाफ अपने पिछले मैच में 104 रन पर आउट होने वाले नेपाल को आसिफ शेख (97 गेंदों पर 58 रन) और कुशाल भुर्तेल (25 गेंदों पर 38 रन) ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। निचले क्रम में सोमपाल ने 56 गेंदों पर 48 रन का उपयोगी योगदान किया। भारतीय गेंदबाज नेपाल के अनुभवहीन बल्लेबाजों के सामने प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ने 40 रन देकर तीन विकेट लिए, लेकिन दूसरे स्पिनर कुलदीप यादव (10 ओवर में 34 रन) को कोई सफलता नहीं मिली। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज ने 61 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और हार्दिक पंड्या को एक-एक विकेट मिला।

## भारत की सलामी जोड़ी की उम्दा बल्लेबाजी

भारत की सलामी जोड़ी ने हालांकि बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। उन्होंने शुरू से आक्रामक रूख अपनाया। गिल ने बारिश के बाद खेल फिर शुरू होने पर 12 रन से जबकि रोहित ने चार रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। इन दोनों ने नेपाल के प्रमुख स्पिनर संदीप लामिछाने को निशाने पर रखा। रोहित जब 16 रन पर थे तब लामिछाने को उनका विकेट मिल सकता था लेकिन डीप स्क्वायर लेग पर गुलशन झा कैच नहीं कर पाए और गेंद छह रन के लिए चली गई। रोहित और गिल ने इसके बाद अपने नैसर्गिक अंदाज में बल्लेबाजी करके 13.4 ओवर में शतकीय साझेदारी पूरी की। रोहित ने इस बीच 39 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने इसके बाद लामिछाने पर चौका जड़कर 47 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया।



# मेदांता की लूट पर उठे सवाल




जाने-माने लेखक नीलेश अपनी मां का करवा रहे इलाज

» लेखक ने ट्वीट कर कहा- बाजार से भारी कीमत पर मिल रही दवाईयां

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी के प्रतिष्ठित अस्पताल पर जाने-माने लेखक व गायक ने इलाज के नाम पर हो रही लूट का सवाल उठाया है। उन्होंने इस मामले पर ट्वीट किया है जिसे लोगों का समर्थन भी मिला है। दरअसल लखनऊ के प्रतिष्ठित अस्पताल मेदांता में फिल्म लेखक नीलेश मिश्रा अपनी मां का इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने अस्पताल पर आरोप लगाया कि वहां पर जो दवाएं दी जा रही है उनकी कीमत बाजार से कई गुना ज्यादा है। अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाले गीतकार नीलेश मिश्रा ने वहां पर हो रहे गोरखधंधे की जानकारी एक्स (ट्वीट) करके पीएम व स्वास्थ्य मंत्री को दी है।



श्री मिश्रा ने कहा कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दवाईयों को वहां के चिकित्सक नकार देते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर एक घोटाला हो रहा है। श्री मिश्रा ने कहा कि यहां ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपनों के इलाज के लिए जमीनें तक बेच दी।

## और अस्पतालों में भी यही हाल

राजधानी में यह कोई पहले घटना नहीं है जहां दवाओं का गोरखधंधा नहीं हो रहा है। क्या सरकारी क्या प्राइवेट हर जगह मरीजों को बाजार से ज्यादा कीमत की दवांए दी जाती है। कभी-कभी तो इतना बिल दे दिया जाता है कि तीमारदार मरीज को छोड़कर भाग जातें है नहीं तो अस्पताल उनकों बंधक बनाकर उनका उत्पीड़न करता है। जैस एकबार कारोना काल में गोमतीनगर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती एक कोरोना मरीज की मौत हो गई थी इसके बाद अस्पताल ने करीब तीन लाख रुपये का बिल थमा दिया। इससे परिवारीजन भड़क उठे। उन्होंने अस्पताल पर इलाज में लापरवाही व अधिक बिल वसूलने का आरोप लगाते हुए देर तक हंगामा किया था।

## कोरोना के समय भी किए थे ट्वीट

कोरोना के समय भी नीलेश ने कई ट्वीट करके समाज को झकझोरा था। तक उन्होंने लिखा था जिंदा रहता या मरता, हम आम नागरिक ही हारते। संदिग्ध और अविश्वसनीय परिस्थितियों में मार दिया गया तो वो राज़ लेकर चला गया जिनके खुलने से कुछ लोग (शायद) नप जाते। अगर नहीं मारा जाता तो शीघ्र नेता बन जाता और आप हम से वोट माँगता, मंत्री बनता। ये हमारी नियति है। कोई सेलिब्रिटी पॉजिटिव हुआ तो दुख जता रहे हैं। और कोई पड़ोसी पॉजिटिव हुआ तो उससे घृणा कर रहे हैं।प्रार्थना सभी के लिए करें। अच्छे वक्त में बुरे वक्त में सेलिब्रिटी काम नहीं आएगा आस पड़ोस वाले ही काम आएंगे।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. दिनेश शर्मा ने दाखिल किया नामांकन

» राज्यसभा उपचुनाव : निर्विरोध निर्वाचन तय

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। यूपी में एक सीट के लिए हो रहे राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने मंगलवार को नामांकन दाखिल कर दिया। भाजपा प्रत्याशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया।

उपचुनाव में डॉ. दिनेश शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय है। डॉ. दिनेश शर्मा मौजूदा समय में विधान परिषद के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल 30 जनवरी, 2027 तक है। राज्यसभा की यह सीट बीते जून में भाजपा सांसद हरद्वार दुबे के निधन से खाली हुई थी। पेशे से शिक्षक डॉ. शर्मा लखनऊ से दो बार मेयर व एक बार उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हालांकि, योगी सरकार 2.0 में उन्हें कैबिनेट में स्थान नहीं दिया गया।


# इमामबाड़े के बुर्जी को तोड़ने से लोग नाराज

» वरिष्ठ वकील मो. हैदर ने की प्रशासन से शिकायत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। 1835 में अवध के शासक नसीरुद्दीन हैदर के द्वारा निर्मित प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की अप्रतिम मिसाल के रूप में सुशोभित मक्का दर्जी का इमामबाड़ा कदम रसूल एवं मस्जिद जनपद सीतापुर में अतिक्रमण कर उसको क्षति पहुंचाने की शिकायत मंडलायुक्त लखनऊ, डीएम व एसपी सीतापुर को की गइ है। इसकी शिकायत कानूनी मामलों के जानकार व अधिवक्ता मो. हैदर ने की है। उन्होंने बताया कि वह एक प्रमुख सांस्कृतिक स्थल एवं धार्मिक धरोहर एवं धर्म स्थल है जो सर्वधर्म के नागरिकों के द्वारा अत्यंत आदर की दृष्टि से देखा जाता है।

उक्त धार्मिक स्थल पर प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आ कर दर्शन कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। उक्त स्मारक के संरक्षण के सम्बन्ध में भारतीय



पुरातत्व सर्वेक्षण के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर संरक्षण हेतु सार्थक प्रयास कर रहा है एवं माननीय उच्च न्यायालय में भी रिट याचिका संख्या 31/3/2013 के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय का ध्यानाकर्षण भी इस स्मारक की और ला कर उसके संरक्षण हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं एवं प्रकरण उच्च न्यायालय की परिवीक्षाधीन है।

## धार्मिक भावनाओं को भी किया आहत

खेद का विषय है कि इसी स्मारक के अंदर रहने वाले अतिक्रमणकर्ताओं के द्वारा साराय एक आपराधिक तत्व के माध्यम से 26 अगस्त 2023 को उक्त ऐतिहासिक स्मारक के गेट पर लगी बुर्जी को तोड़ कर गिरा कर इस ऐतिहासिक स्थल को गंभीर क्षति पहुंचाते हुये हमारी धार्मिक भावनाओं को भी आहत किया। इस पूरे प्रकरण की जानकारी उक्त स्मारक जो कि सुन्नी वक्फ संपत्ति भी है के मुतवल्ली मोहम्मद मोईन के द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांकित 27 अगस्त 2023 के माध्यम से प्रभारी निरीक्षक खैराबाद को इस पूरे तथ्य से अवगत कराते हुए यथोचित कार्यवाही की मांग की थी परन्तु उक्त प्रार्थनापत्र पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी है। आपसे अनुरोध है कि प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत उक्त प्रकरण में जो पीडियो चौकी इंचाज अतुल वर्मा के संज्ञान में है को बनाने वाले एवं स्मारक को क्षति पहुंचाने वाले को चिन्हित कर उसके 7 विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 295 एवं 427 तथा अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर कठोर वैधानिक कार्यवाही करें जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो एवं दोषियों को उनके किये की सजा मिले।

फोटो :4 पीएम



**शपथ** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई करने आए नए छात्र और छात्राओं की ओथ सेरेमनी संपन्न हुई। इससे पहले कार्यक्रम में पूरे अनुशासन के साथ छात्र-छात्राएं शामिल हुई। इस अवसर पर केजीएमयू की वीसी सोनिया नित्यानंद ने नवागत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

# खुद को तकनीकी रूप से अपडेट रखें शिक्षक : योगी

» सीएम ने शिक्षकों को किया सम्मानित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। उनकी भूमिका काफी उल्लेखनीय है। यही वजह है कि समाज में शिक्षकों को विशिष्ट स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का एक पक्ष हर क्षेत्र में वर्तमान पीढ़ी के निर्माण और विद्यार्थियों के मार्ग दर्शन कर राष्ट्र निर्माता बनाने का है तो दूसरा पक्ष भी है। ट्रेड यूनियन की तरह जो शिक्षक, शिक्षण कार्य से विरत होकर अधिकारियों के ही चक्कर काटते रहते हैं। उससे भावी पीढ़ी का भविष्य बर्बाद होता है। ट्रेड यूनियन की पद्धति ने काफी नुकसान किया है।

ऐसे शिक्षकों को समाज भी संदेह की निगाह से देखता है। उनका तिरस्कार करता है। हमें इन दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर काम करना होगा। सीएम ने कहा कि दो साल पहले मैंने शिक्षक सम्मान समारोह स्थगित कर दिया था क्योंकि जब सूची सामने आई तो उसमें ऐसे शिक्षकों के नाम थे जो दिन भर भ्रमण करते दिखते थे। वह कभी पढ़ाते नहीं थे। नींव को खोखला करने का काम कर रहे थे। आज उन शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने पठन पाठन के क्षेत्र में कुछ नया किया है। उन्हें सम्मान करके मुझे भी खुशी मिल रही है। सीएम ने कहा कि शिक्षकों के ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी राष्ट्र निर्माण की है। आप भी समय के अनुरूप खुद को तैयार करें। यह दौर तकनीकी का है।

## शिक्षक दिवस की पीएम मोदी ने दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान को सलाम किया और पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित की। पांच सितंबर 1888 को तमिलनाडु में जन्मे डॉ। राधाकृष्णन को भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक के तौर पर जाना जाता है और उन्हीं के सम्मान में इस दिन को 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर जारी एक पोस्ट में कहा कि शिक्षक हमारे भविष्य और प्रेरणादायक सपनों को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक दिवस पर हम उनके अटूट समर्पण और समाज पर उनके प्रभाव के लिए उन्हें सलाम करते हैं। डॉ। एस राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। राष्ट्रीय प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही एक वीडियो भी साझा किया, जो सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के विजेताओं से उनके संवाद से संबंधित है। देशभर से कुल 75 शिक्षकों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को एक समारोह में इन शिक्षकों को सम्मानित करेंगी।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020** *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।